हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 27 मई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

केंद्र सरकार ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अंतर्राष्ट्रीय फर्जी फोन कॉल रोकने के निर्देश दिए हैं।

संचार मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल फोन नम्बर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी फोन कॉल कर रहे हैं। इन फोन कॉल से साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी की जा रही है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर दूरसंचार सेवा प्रदाता ने अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को पहचानने और उन्हें किसी भी भारतीय दूरसंचार ग्राहक तक पहुंचने से रोकने में मदद करने के लिए एक प्रणाली तैयार की है।

मंत्रालय ने कहा कि दूरसंचार सेवा प्रदाता को ऐसी अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

दूरसंचार विभाग के निर्देशों के अनुसार भारतीय लैंडलाइन नंबरों के साथ आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को दूरसंचार सेवा प्रदाता पहले से ही ब्लॉक कर रहा है।

....

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आज, कल और परसों भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी और पश्चिमी पंजाब एवं हरियाणा के कुछ हिस्सों में तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है और तापमान 47-48 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच सकता है। इसी तरह चंडीगढ़ सहित हरियाणा और पंजाब के उत्तरी हिस्सों में भी आगे तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने कर अनुमान है। इस दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में रात को भी अधिक गर्मी होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों को गर्मी व धूप से बचने, हलके रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने, सिर ढककर रखने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।

....

हरियाणा में भीषण गर्मी और लू के चलते बाल वाटिका से लेकर 12वीं कक्षा तक सभी स्कूलों में कल से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश सभी सरकारी मान्यता प्राप्त एवं निजी शिक्षण संस्थानों के लिए जारी किये गए हैं।

जो शिक्षण संस्थान विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन नहीं करेगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। आदेश में सभी अध्यापकों को आज ही विद्यार्थियों को छुट्टियों का गृह कार्य देना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

स्कूल पुन: पहली जुलाई को पहले की भांति खुलेंगे।

....

भिवानी में पारा 47 डिग्री सेल्सियस तक चला गया है जिस कारण कई जगह लोगों को पानी की समस्या का सामना कर पड़ रहा है।

हमारे संवाददाता इंद्रवेश दुहान ने बताया है कि भिवानी के गांव मढ़ाना में लोगों ने पानी न आने पर जन घर में इकठ्ठे होकर रोष जताया। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की कमी की समस्या करीब 25 दिनों से बनी हुई है। वे जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी मिले हैं।

लेकिन उनकी समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि उनकी समस्या का हल नहीं हुआ तो वे सड़क जाम करेंगे और उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देंगे।

....

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लोकसभा आम चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है, ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र ढंग से संपन्न करवाई जा सके।

भारत के उप निर्वाचन आयुक्त हरिदेश कुमार सिंह ने गत दिनों चुनावी तैयारियों का जायज़ा लिया है। चंडीगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता को दी जाने वाली वोटर पर्ची में पोलिंग बूथ नंबर सहित सारी जरूरी जानकारी अंकित होगी।

....

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पिंजौर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन चंडीगढ़ जोन के प्रभारी ओ.पी. निरंकारी एवं पूर्व विधायक लतिका शर्मा ने किया। इस अवसर पर 118 लोगों ने रक्तदान कर महायज्ञ में अपना योगदान दिया।

....

हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्विविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 जून तक जारी रहेगी।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि कृषि एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मेन) और लीट की मैरिट के आधार पर होगा।

उन्होंने बताया कि विश्विद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे भी दाखिला संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा।

....

करनाल स्थित महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालयमें बीएससी (ऑनर्स) बागवानी और एमएससी (ऑनर्स) बागवानी में दाखिला शुरू हो गया है। दाखिला लिखित परीक्षा में मैरिट के आधार पर होगा। दाखिले के लिए आवेदन 10 जून तक किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि 4 वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) मे दाखिले के लिए 12वीं कक्षा में सामान्य श्रेणी के लिए 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व दिव्यांग श्रेणी के लिए 47.4 प्रतिशत अंक होने अनिवार्य है। कुलपति ने बताया कि लिखित परीक्षा हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी।

....